एक नजर

20 अक्टूबर की रात से 20 दिन के लिए बंद होगी गंगनहर

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। गंगनहर में वार्षिक क्लोजर 20-21 अक्टूबर की रात से शुरू होगा। करीब 20 दिन तक नहर में जल प्रवाह बंद रखा जाएगा। इसके बाद 7-8 नवंबर की रात गंगनहर में दोबारा पानी छोड़ा जाएगा। क्लोजर के दौरान नहर के समतलीकरण, नहरों और गूलों की मरम्मत के साथ घाटों व प्लेटफार्मों के रखरखाव समेत विभिन्न अनुरक्षण कार्य कराए जाएंगे। एसडीओ उत्तरी गंगनहर हरिद्वार भारत भूषण शर्मा ने बताया कि वार्षिक क्लोजर के संबंध में विभागीय आदेश प्राप्त हो चुके हैं। इसकी जानकारी गंगा सभा सहित सभी संबंधित विभागों को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि क्लोजर के दौरान निर्धारित अनुरक्षण कार्य पूरे कराए जाएंगे। हालांकि, गंगनहर में जल प्रवाह बंद रहने के दौरान हरकी पैड़ी पर श्रद्धालुओं को स्नान के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध रहेगा। इसके लिए वर्ष 1916 के अनुबंध के अनुसार स्नान योग्य जल का बंध बनाकर रखा जाएगा। आगामी अर्धकुंभ को देखते हुए गंगनहर से जुड़े निर्माण एवं अन्य कार्यों को भी वार्षिक क्लोजर के दौरान पूरा कराया जाएगा। मेला प्रशासन ने इसके लिए तैयारी कर ली है। हालांकि, मेला प्रशासन की ओर से इन कार्यों के लिए अलग से किसी अतिरिक्त क्लोजर की मांग नहीं की गई है। ऐसे में निर्धारित अवधि के भीतर अनुरक्षण और अर्धकुंभ से जुड़े कार्य पूरे करने पर जोर रहेगा।

हरिद्वार में फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शुरू

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण यानी जनसंख्या गणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके तहत हरिद्वार में 12 से 14 अक्टूबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें जनपद के सभी फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद ये ट्रेनर्स जनगणना कार्य में नियुक्त होने वाले पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को प्रशिक्षण देंगे। जनगणना-2027 कई मायनों में खास होगी। पहली बार पूरी जनगणना प्रक्रिया शत-प्रतिशत डिजिटल माध्यम से संपन्न कराए जाने की तैयारी है। प्रगणक और पर्यवेक्षक अपने मोबाइल फोन के माध्यम से आंकड़ों का संकलन करेंगे। वहीं, जनगणना के संचालन, पर्यवेक्षण और प्रबंधन के लिए जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (ब्डडै पोर्टल) का इस्तेमाल किया जाएगा। यह पोर्टल पूरी प्रक्रिया की निगरानी और प्रबंधन में अहम भूमिका निभाएगा। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण का कार्य नवंबर 2026 से शुरू करने का प्रस्ताव है। इसके सफल संचालन में जमीनी स्तर पर चार्ज अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। डिजिटल प्रणाली से आंकड़ों के संकलन में तेजी आने के साथ उनकी गुणवत्ता और सटीकता में सुधार होने की उम्मीद है।

रुड़की से लापता 12 वर्षीय बालक भिवाड़ी से बरामद



स्वतंत्र चेतना

रुडकी। कोतवाली रुड़की पुलिस ने अपरेशन प्रहार अभियान के अंतर्गत घर से लापता 12 वर्षीय बालक को भिवाड़ी (राजस्थान) से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया। बालक 5 अक्टूबर को इस्लाम नगर, रुड़की से लापता हुआ था। ट्रक चालक की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बालक को खोज निकाला। परिजनों ने हरिद्वार पुलिस का आभार जताया। एसएसपी हरिद्वार के निर्देशन पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बालक की तलाश और सुरागरसी शुरू की। तलाश के दौरान जानकारी मिली कि बालक फरीदाबाद (हरियाणा) में एक ट्रक चालक बिमल यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी ग्राम नगला हरि सिंह थाना घेरोड़ जिला मैनपुरी उप्रक़ को फरीदाबाद हरियाणा को पैसे मांगते हुए मिला था। ट्रक चालक ने बालक से उसके घर की जानकारी ली, तो बालक ने अपना पता रुड़की बताया। ट्रक चालक ने यह जानकारी ट्रांसपोर्टरों को दी, जिनके माध्यम से सूचना कोतवाली पुलिस तक पहुंची, जिसके क्रम मे सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा ट्रक चालक से संपर्क किया और पुलिस टीम ने ग्राम घटाल महानिवास, निकट नीलम चौक, भिवाड़ी (राजस्थान) मे बालक की तलाश कर गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में बालक ने बताया कि वह रुड़की से ट्रेन द्वारा सहारनपुर होते हुए गाजियाबाद पहुंचा और वहां से एक ट्रक में बैठकर फरीदाबाद चला गया था। आवश्यक कार्यवाही के बाद बालक को कोतवाली रुड़की में उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। बालक के सकुशल मिलने पर परिजनों ने रुड़की पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस टीम में उनि.सुभाष चन्द्र व कानि.सुरेश तोमर शामिल रहे।

पशु चोरी का खुलासा एक आरोपी को दबोचा

स्वतंत्र चेतना

पथरी। थाना पथरी पुलिस ने महिला की तहरीर पर दर्ज पशु चोरी के मामले में मुकुल पुत्र नरेश, निवासी ग्राम पुरुषोत्तमनगर, थाना पथरी (20 वर्ष) को हिरासत में लेकर उसकी निशानदेही पर 1 काले रंग की भैंस बरामद की। आरोपी ने अन्य साथियों के साथ चोरी में शामिल होने की बात कबूल कीय अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। तहरीर के आधार पर थाना पथरी पर मु0अ0सं0 510/26, धारा 303(3) बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। पशु चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष पथरी को घटना के शीघ्र अनावरण एवं चोरी किए गए पशु की बरामद्गी के लिए पुलिस टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। थाना पथरी पर गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं मैनुअल पुलिसिंग के माध्यम से चोरों की तलाश करते हुए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में 12 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर झाबरी जाने वाले मार्ग के पास से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। आरोपी की निशानदेही पर ग्राम झाबरी से मुकदमा उपरोक्तसे संबंधित चोरी की 1 काले रंग की भैंस बरामद की गई। मौके पर वादिनी को बुलाकर भैंस की शिनाख्त कराई गई, जिसमें वादिनी ने बरामद भैंस को अपनी भैंस के रूप में पहचान लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पशु चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। भैंस की बरामद्गी पर वादिनी एवं उनके परिजनों ने हरिद्वार पुलिस का आभार व्यक्त किया। आरोपी के विरुध्द अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में उनि.मोहन कठैत चौकी प्रभारी फेरुपुर, अउनि.मुकेश सिंह, कां.मुकेश चौहान, कां.अनिल पंवार, कां. जयपाल चौहान, कां. जयपाल चौहान, कां.दौलत सिंह व कां.सुबोध शर्मा आदि शामिल रहे।

बैरागी कैंप से शंकराचार्य चौक तक व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

मेलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया



स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को लेकर मेला प्रशासन ने प्रमुख मार्गों, प्रवेश द्वारों और चौराहों को बेहतर स्वरूप देने की कवायद तेज कर दी है। मंगलवार को मेलाधिकारी सोनिका ने बैरागी कैंप से शंकराचार्य चौक तक विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

मेलाधिकारी ने बैरागी कैंप के प्रवेश द्वार, आईरिस पुल के आसपास और फ्लाईओवर के नीचे के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीआईयू के अधिकारियों को जमा मलबा हटाने, नियमित साफ-सफाई कराने और सौंदर्यीकरण के कार्यों में तेजी लाने को कहा। आईरिस पुल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए प्रमुख मार्गों और पुलों के आसपास बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना जरूरी है। सभी कार्य स्थल की जरूरतों के अनुरूप कराए जाएं, जिससे आवागमन सुगम और सुरक्षित बना रहे। शंकराचार्य चौक पर मेलाधिकारी ने सौंदर्यीकरण और फसाड संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने चौक और आसपास के क्षेत्र को आकर्षक स्वरूप देने के लिए उपलब्ध स्थान तथा सड़क की स्थिति के अनुरूप कार्य कराने को कहा। इसके साथ ही डाम कोठी मार्ग के चौड़ीकरण कार्य की प्रगति भी परखी। सड़क किनारे लगे विद्युत और अन्य पोलों को यातायात में बाधा बनने से रोकने के लिए उपयुक्त स्थानों पर स्थापित करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण (एचआरडीए) और नगर निगम को आपसी समन्वय से कार्रवाई करने को कहा गया। मेलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कुंभ के विकास कार्यों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के साथ हरिद्वार के समग्र स्वरूप को बेहतर बनाने पर भी ध्यान दिया जाए।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त नंदन कुमार, एचआरडीए सचिव प्रत्यूष सिंह, उद्यान अधिकारी ए.आर. जोशी, पीआईयू के अभियंता सरीन कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पांच नगर निकायों में जिला योजना समिति के चुनाव के लिए 25 नामांकन वैध

13 पदों के लिए दाखिल हुए नामांकन पत्रों की जांच पूरी, रुड़की नगर निगम में सबसे अधिक 13 नामांकन वैध

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। जनपद हरिद्वार की पांच नगर निकायों में जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत दाखिल नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गई है। जांच के बाद कुल 25 नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। इन पांचों निकायों में जिला योजना समिति के सदस्यों के कुल 13 पदों के लिए नामांकन दाखिल किए गए थे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचास्थानि चुनावालय हरिद्वार आ-रआर थपलियाल की ओर से जारी विवरण के अनुसार, यह कार्रवाई राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड, देहरादून की 9 अक्टूबर 2026 को जारी अधिसूचना के तहत की गई। निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, 13 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच के बाद वैध नामांकन पत्रों की सूची निर्धारित प्रपत्र-5 में जारी की गई। विवरण के अनुसार, नगर निगम हरिद्वार में जिला योजना समिति के पांच पदों के सापेक्ष छह नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। वहीं, नगर निगम रुड़की में पांच पदों के लिए 13 नामांकन पत्र वैध घोषित किए गए हैं।

इसी प्रकार नगर पालिका परिषद मंगलौर में एक पद के लिए दो, नगर पालिका परिषद लक्सर में एक पद के लिए दो और नगर पंचायत पिरान कलियर में एक पद के लिए दो नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। इस तरह पांचों नगर निकायों में कुल 13 पदों के सापेक्ष 25 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ाई जाएगी।

महंत हत्याकांड का 50 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

आश्रम पर कब्जे के लिए हत्या करने का आरोप, दो साल से फरार चल रहा था आरोपी



स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। कनखल पुलिस और एसटीएफ ने श्रद्धा-भक्ति आश्रम के महंत रामगोविंद दास की हत्या के मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 2024 से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, महंत की हत्या आश्रम पर कब्जा करने और उसे करीब 10 करोड़ रुपये में बेचने की साजिश के तहत की गई थी।

पुलिस के मुताबिक, 17 अक्टूबर 2024 को रुद्रनंद निवासी रायवाला, देहरादून ने महंत गोविंद दास के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। महंत 15 जून 2024 को धर्म प्रचार के लिए राजस्थान जाने की बात कहकर आश्रम से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। इसके बाद कनखल थाने में गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आश्रम के कर्मचारियों और महंत के परिचितों से पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने महंत को नशीले इंजेक्शन देकर बेहोश करने और फिर गला घोंटकर हत्या करने की बात स्वीकार की। इसके बाद शव गंगा में फेंक दिया गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की मंशा आश्रम पर कब्जा कर उसे बेचने की थी। इसके लिए कथित तौर पर फर्जी वसीयतनामा तैयार करने की योजना बनाई गई थी। महंत की हत्या के बाद उनके बैंक खाते से लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला भी सामने आया। इस मामले में पुलिस ने 19 अक्टूबर 2024 को योगी राम गोपाल नाथ, अशोक कुमार, ललित और संजीव को गिरफ्तार किया था, जबकि सौरभ और प्रदीप फरार थे। दोनों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने 12 अक्टूबर 2026 को प्रदीप पुत्र बृजपाल सिंह निवासी ग्राम ऊदपुर, थाना झिंझाना, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में कनखल कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह रावत, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनुज सिंह, एसटीएफ के उपनिरीक्षक नरोत्तम सिंह बिष्ट सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी, 13 किलो आटा नष्ट



स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। नवरात्र के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सिडकुल क्षेत्र में छापेमारी कर खुले में कुट्टू का आटा बेचने के मामले में दो कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। टीम ने दोनों प्रतिष्ठानों से कुट्टू के आटे के नमूने लेकर जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की, जबकि कुल 13 किलो आटा मौके पर नष्ट करा दिया। विभाग अब दोनों कारोबारियों के खिलाफ न्यायालय में वाद दायर करने की तैयारी कर रहा है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा विनय शंकर पांडेय और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर मंगलवार को सहायक आयुक्त महिमानंद जोशी के नेतृत्व में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन ने टीम के साथ सिडकुल के महादेवपुरम और शिवम विहार कॉलोनी, काला गेट क्षेत्र में छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान महादेवपुरम स्थित शैलेष प्रोविजन स्टोर में कुट्टू का खुला आटा बिक्री के लिए रखा मिला। आटे के बैग पर निर्माण और एक्सपायरी तिथि अंकित नहीं थी। टीम ने यहां से आटे का नमूना लिया और शेष पांच किलो आटा नष्ट करा दिया। इसी दौरान टीम ने महादेवपुरम क्षेत्र में ई-रिक्शा से प्लास्टिक बैग में 10 किलो खुला कुट्टू का आटा सप्लाई करते हुए हर्षित अवस्थी को पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि आटा शिवम विहार कॉलोनी स्थित महादेव ट्रेडर्स से लाया गया था। इसके बाद टीम उसे साथ लेकर प्रतिष्ठान पर पहुंची और जांच की। यहां से भी कुट्टू के आटे का नमूना लिया गया तथा शेष आठ किलो आटा गड्ढे में दबाकर नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार करने और निर्माण व एक्सपायरी तिथि अंकित किए बिना कुट्टू का आटा बेचने के मामले में शैलेष प्रोविजन स्टोर के मालिक शैलेष कुमार और महादेव ट्रेडर्स के मालिक पंकज कुमार के खिलाफ न्यायालय में वाद दायर कराया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

चोरी की योजना बनाते तीन युवक गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए



स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। ऑपरेशन प्रहार के तहत रानीपुर कोतवाली पुलिस ने चोरी की योजना बनाने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी बीएचईएल और शिवालिक नगर क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

पुलिस के मुताबिक, गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सुरेश्वरी मंदिर मार्ग के पास झाड़ियों में तीन संदिग्ध युवक छिपकर बैठे हैं। उनके पास संदिग्ध औजार भी हैं और वे चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान गोविंदा पुत्र राजेश निवासी अंबेडकर पार्क के पास टिबड़ी, अभिषेक कुमार पुत्र चुन्नी लाल निवासी टिबड़ी, थाना रानीपुर और टिंकू कुमार पुत्र मुनीराम निवासी शेखपुर लाला, थाना किरतपुर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। पुलिस ने उनके कब्जे से एक लोहे का हथौड़ा, सरिया का टुकड़ा, लोहे की छेनी और एक प्लास बरामद किया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने नशे के आदी होने और नशे के लिए पैसे जुटाने के उद्देश्य से बीएचईएल तथा शिवालिक नगर क्षेत्र में चोरी करने आने की बात कही। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गोविंदा के खिलाफ पहले भी चोरी और शस्त्र अधिनियम से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, अभिषेक के खिलाफ भी शस्त्र अधिनियम और अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज होने की जानकारी मिली है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोहर भंडारी, सहायक उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल अमित चौधरी तथा कांस्टेबल दिग्पाल राणा, अमित राणा और वीरेंद्र जोशी शामिल रहे।

पत्नी के नाराज युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा, पुलिस ने सकुशल उतारा

एसडीआरएफ ने भी किया प्रयास, युवक के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई



स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। पत्नी के नाराज होकर चले जाने से परेशान एक युवक सोमवार को शिवालिक नगर के एम-क्लस्टर क्षेत्र में मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलने पर रानीपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद युवक को सकुशल नीचे उतार लिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170 के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, 12 अक्टूबर को सूचना मिली कि शिवालिक नगर के एम-क्लस्टर क्षेत्र में एक व्यक्ति मोबाइल टावर पर चढ़ा हुआ है। सूचना मिलते ही रानीपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू किए। पुलिसकर्मियों ने उसे काफी देर तक समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। स्थिति को देखते हुए मौके पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसड-ीआरएफ) की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने युवक को नीचे उतारने के लिए लगातार प्रयास किए। काफी मशक्कत के बाद शाम को युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। पूछताछ में युवक की पहचान विशाल (25) पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम चकधीर, थाना बेरिया, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी नाराज होकर उसे छोड़कर चली गई थी। इसी बात से परेशान होकर वह मोबाइल टावर पर चढ़ गया था। पुलिस के अनुसार, युवक द्वारा अपनी जान जोखिम में डालने और शांति व्यवस्था प्रभावित करने के मामले में उसके खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही उसे भविष्य में इस तरह का कदम नहीं उठाने की हिदायत दी गई। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में सहायक उपनिरीक्षक सुबोध घिल्डियाल, कांस्टेबल अर्जुन सिंह और कांस्टेबल वीर सिंह शामिल रहे।

भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चल रहे चंपतराय : श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी

श्रीराम मंदिर न्यास के पूर्व महामंत्री ने निरंजनी अखाड़े पहुंचकर लिया आशीर्वाद, संतों ने किया स्वागत



स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले श्रीराम मंदिर न्यास के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री और संघ के वरिष्ठ नेता चंपतराय सोमवार को हरिद्वार पहुंचे। यहां उन्होंने निरंजनी अखाड़े में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं श्री मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी महाराज से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्रीमहंत ने चंपतराय को पगड़ी पहनाकर और मां मनसा देवी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि चंपतराय भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए सनातन धर्म को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि चंपतराय भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हैं और उन पर प्रभु की असीम कृपा है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण में उनके योगदान को पूरा देश जानता है। उनके प्रति सनातन समाज और संतों में गहरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि सत्य की हमेशा विजय होती है। चंपतराय भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में निरंतर योगदान देते रहेंगे। चंपतराय ने कहा कि उन पर भगवान श्रीराम और संत-महापुरुषों की विशेष कृपा है। प्रभु श्रीराम सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। जो व्यक्ति उनकी शरण में रहता है, उसे जीवन में कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को आगे बढ़ाने और उसकी परंपराओं को मजबूत करने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर संघ प्रचारक पदम सिंह, अशोक तिवारी, निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरि, स्वामी शिवचंद दास, महंत राज गिरि सहित कई संत-महंत उपस्थित रहे।

नशा मुक्ति केंद्र में कराई वॉलीबॉल प्रतियोगिता

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। नशामुक्त समाज के निर्माण और नशे की गिरफ्त में आए लोगों को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से एएनटीएफ हरिद्वार ने मंगलवार को निर्वाण नशा मुक्ति केंद्र, मिस्सरपुर (कनखल) में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के छह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य खेलों के माध्यम से प्रतिभागियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना रहा। खेल गतिविधियों के जरिए उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और टीम भावना का महत्व बताया गया। साथ ही नियमित खेलकूद एवं व्यायाम को दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का संदेश दिया गया।

GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar. Apni Pehchan.

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

रजिस्टर्ड ऑफिसः 6वीं मंज़िल, बी बिल्डिंग, गागा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014

ब्रांच ऑफ यूनिटः पहली मंजिल, खसरा नंबर। 323, ग्राम उज्जैन, तहसील, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर, पिन 244713, यूके।

ई-ऑक्शन सेल नोटिस सरफेसी एक्ट के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री

'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' (जिसे आगे 'एक्ट' कहा जाएगा) और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 8 और 9 के तहत अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गिरवी रखने वाले/गारंटर को यह सूचना दी जाती है कि नीचे बताई गई अचल संपत्तियां 'ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' (जिसे एक्ट के अनुसार 'सिक्योर्ड क्रेडिटर' कहा जाएगा) के पास गिरवी रखी गई थीं। इन संपत्तियों का कब्जा 'सिक्योर्ड क्रेडिटर' के अधिकृत अधिकारी ने एक्ट की धारा 13(12) और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स' के नियम 8 और 9 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए और एक्ट की धारा 13(2) के तहत नोटिस के आधार पर लिया है। सिक्योर्ड एसेट्स (गिरवी रखी गई संपत्तियां) को 30-10-2026 को ई-नीलामी के जरिए "जैसा है, जहाँ है" (As is where is), "जैसा है, वैसा है" (As is what is) और "जो कुछ भी है" (Whatever there is) के आधार पर बेचा जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम https://www.bankeauctions.com वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं। बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों (T&Cs) के लिए, कृपया GHFL/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम {ए}	मांग सूचना दिनांक और उत्कृष्ट राशि {बी}	कब्जे की प्रकृति {सी}	विवरण संपत्ति का {डी}	संरक्षित कीमत {ई}	ईएमडी (10% आरपी के) {एफ}	ईएमडी जमा करने की तिथि {जी}	वृद्धिशील बोली {एच}	संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय {क}	दिनांक और का समय नीलामी {जे}	ज्ञात अतिक्रमण-प्रतिबंध/अदालत मामले यदि कोई हों {के}
लोन नंबर HL006911000 00005052677 वीरेंद्र सिंह (उधारकर्ता) ऊषा देवी (सह-उधारकर्ता)	नोटिस की तारीखः 09-03-2026 कुल बकाया राशिः रु. 22,21,655/- (बाईस लाख इक्कीस हजार छह सौ पचपन रुपये मात्र) 03-09-2026 तक देय, साथ ही भुगतान होने तक 14.1% सालाना की दर से ब्याज।	भौतिक	हिम्मतपुर अंधेरिया गाँव, परगना (भंवर चिलकिया), तहसील रामनगर, ज़िला नैनीताल में स्थित जमीन का वह टुकड़ा जिसका खसरा नंबर 19/1ल्ल है। इसका माप इस प्रकार है: पूर्व में 45 फीट, पश्चिम में 45 फीट, उत्तर में 17 फीट और दक्षिण में 17 फीट; कुल क्षेत्रफल 765 वर्ग फीट है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में देवंती देवी की जमीन, पश्चिम में रमेश अरोड़ा की जमीन, उत्तर में 5 फीट चौड़ा रास्ता और दक्षिण में 22 फीट चौड़ा रास्ता।	रु. 14,33,250/ (चौदह लाख तैंतीस हजार दो सौ पचास रुपये मात्र)	रु. 1,43,325/- (एक लाख तैंतालीस हजार तीन सौ पच्चीस रुपये मात्र)	29-10-2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	23-10-2026 (सुबह 11 बजे शाम 4 बजे)	30-10-2026 (सुबह 11 बजे दोपहर 2 बजे)	शून्य

बोली लगाने/खरीदने के इच्छुक लोगों को सलाह दी जाती है कि वे बोली जमा करने से पहले 'सिक्योर्ड क्रेडिटर ब्रांच' और नीलामी वाली प्रॉपर्टी का दौरा करें, खुद जांच-पड़ताल करें और अतिरिक्त शुल्क, देनदारियों (encumbrances) और किसी तीसरे पक्ष के अधिकारों के बारे में पता करके सभी पहलुओं से संतुष्ट हो लें। प्रॉपर्टी से जुड़े सभी कानूनी बकाया जैसे प्रॉपर्टी टैक्स, बिजली/पानी का बिल और कोई अन्य बकाया, अगर हो, तो सफल बोली लगाने वाले को ही पता करना होगा और उसका भुगतान करना होगा। इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी सेवा प्रदाता 'C1 India PVT LTD' के पोर्टल पर खुद को रजिस्टर करना होगा और पहले से ही लॉगिन ID और पासवर्ड लेना होगा, जो ई-बिडिंग के लिए जरूरी है। पता- प्लॉट नंबर-68, तीसरी मंज़िल, गुड़गांव, हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर- 7291981124, 25, 26; सपोर्ट ईमेल ID- Support@bankeauctions.com। संपर्क व्यक्ति- धरणी P, ईमेल ID- dharani.p@c1india.com, संपर्क नंबर- 9948182222। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोली लगाने वाले केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन ट्रेनिंग ले सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोली लगाने वाले को 'Earnest Money Deposit' (EMD) की राशि NEFT/RTGS/DD के जरिए "GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED - AUCTION PROCEEDS A/C" के खाते में जमा करनी होगी।

बैंक- ICICI BANK LTD, खाता नंबर- 091551000028 और IFSC कोड- ICIC0000915, ICICI Bank Ltd, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर 411014 (किसी भी राष्ट्रीयकृत या शेड्यूल्ड बैंक से जारी)। यह काम 16-10-2026 को या उससे पहले करना होगा। साथ ही, https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम रजिस्टर करना होगा, मुफ़्त में यूजर ID और पासवर्ड प्राप्त करना होगा और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी की ट्रेनिंग लेनी होगी। वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद, इच्छुक खरीदार/बोली लगाने वाले को नीचे दिए गए डॉक्यूमेंट्स की कॉपी अपलोड करनी होगी, ईमेल करनी होगी और खुद से अटेस्ट की हुई हार्ड कॉपी इस पते पर भेजनी होगी: पताः फर्स्ट फ्लोर, खसरा नंबर 323, गांव उज्जैन, तहसील काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, पिन 244713, उत्तराखंड। मोबाइल नंबरः +91 8281138143, ईमेल ID: p.adith@grihumhousi»»fg.com। नियम और शर्तों के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए और ई-ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com & www.grihumhousing.com पर जाएं।

इस नोटिस को सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) नियम-2002 के नियम 8(6) के तहत उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गिरवी रखने वाले/गारंटर के लिए 15 दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।

स्थानः- नैनिताल, उत्तराखंड तारीखः 14.10.2026

प्राधिकृत अधिकारी गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड